कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री मुनीराज मीना पुत्र श्री बदरी लाल मीना निवासी इंजनवाली ढाणी, गांव पट्टी चिमनपुरा पोस्ट तलावगांव पं.स. लालसोट जिला दौसा राज0

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट जिला दौसा

अपील संख्या 19/2024

निर्णय दिनांक 22.05.2024

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट जिला दौसा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर रिपोर्ट मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना प्रश्नात्मक है जो लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार लालसोट से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार लालसोट को पत्र क्रमांकः डीएम/कोर्ट/2024/1211 दिनांक 23.04.2024 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। किन्तु लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार लालसोट की ओर से कोई जवाब/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। अपीलांट द्वारा प्रस्तुत अपील मीमो के अवलोकन से यह ज्ञात होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना बिन्दु सं0 1 से 4 प्रश्नात्मक होने से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत देय नहीं है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified
Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.01 12:34:28 IST
Reason: SelfAttested